कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 22-04-2024

विषयः- पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा कमिश्नरेट वाराणसी में जाम की समस्या के निराकरण हेतु प्रमुख स्थानों का चिन्हिकरण कर कार्ययोजना बनायी गयी।

आज दिनांक 22-04-2024 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा कमिश्नरेट वाराणसी में प्रायः लगने वाले ट्रैफिक जाम व आमजनता को होने वाली कठिनाईयों को दृष्टिगत रखते हुए जाम की समस्या के निराकरण हेतु कुछ स्थानों/चौराहों का चिन्हिकरण कर कार्ययोजना बनायी गयी है।

कार्ययोजना

1. थाना स्तर से **चिन्हित स्थानों पर थाना स्तर से दो उ0नि0 व चार आरक्षियों की ड्यूटी दो शिफ्टों** में लगयी जाए जो चौराहे पर यातायात व्यवस्था को चलाने में सूचारू रूप से ट्रैफिक पुलिस की मदद करेंगें। **यह ड्यूटियाँ ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी के अतिरिक्त होगी।**
2. सहायक पुलिस आयुक्त व प्र0नि0/थानाध्यक्ष द्वारा दिन में दो बार चिन्हित स्थानों/चौराहों का भ्रमण कर **नियुक्त कर्मचारियों की ब्रीफिंग** की जायेगी।
3. चिन्हित चौराहों से दो सौ मीटर तक नो व्हैकिल/पार्किंग/अतिक्रमण को सुनिश्चित कराया जायेगा।
4. चिन्हित स्थल पर बीस-बीस स्थानीय दुकानदारों/निवासियों की ट्रैफिक एडवाइजरी कमेटी का गठन किया जाए जो जाम लगने पर तत्काल प्र0नि0/थानाध्यक्ष व यातायात हेल्प लाईन नम्बर 7317202020 पर मय फोटो वाट्सअप से सूचना देंगें।
5. चिन्हित स्थलों पर जनसहयोग से सीसीटीव कैमरों की स्थापना व उसके फीड को थानों पर लेकर लगातार मॉनीटरिंग किया जायेगा।

6. पुलिस उपायुक्त/अपर पुलिस उपायुक्त द्वारा समय समय पर उक्त चौराहों का भ्रमण कर कार्ययोजना का अनुपालन सुनिश्चित करायेंगे।

<u>चिन्हित स्थानों/चोराहों का विवरण निम्नवत है -</u>

1. ककरमत्ता पुल, थाना मण्डुवाडीह।
2. भिखारीपुर तिराहा, थाना मण्डुवाडीह।
3. सुन्दरपुर चौराहा, थाना चितईपुर।
4. मालवीय चौराहा, बीएचयू गेट, थाना लंका।
5. नगवा चौराह/ट्रामा सेन्टर चौराहा, थाना लंका।
6. सामने घाट पुल, थाना लंका।
7. टेंगरा मोड़, थाना रामनगर।
8. रामनगर चौराहा, थाना रामनगर।
9. सूजाबाद/पड़ाव चौराहा, थाना रामनगर।
10. राजघाट पुलिस से नमों घाट तक, थाना रामनगर/आदमपुर।
11. रेलवे क्रासिंग आदमपुर, थाना आदमपुर।
12. भदउ चुंगी रेलवे डॉट पुल, थाना आदमपुर।
13. गोदौलिया चौराहा, थाना दशाश्वमेध।
14. रामापुरा चौराहा, थाना लक्सा/दशाश्वमेध।
15. बेनियाबाग तिराहा, थाना चौक/चेतगंज।
16. गुरूबाग तिराहा, थाना लक्सा।
17. रथयात्रा चौराहा, थाना भेलूपुर।
18. मैदागिन चौराहा, थाना कोतवाली।
19. नीमा माई तिराहा, थाना भेलूपुर।
20. कचहरी चौराहा, थाना कैण्ट

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।